**प्रसार भारती**
**भारतीय प्रसारण निगम**
**आकाशवाणी केन्द्र शिमला**

**04.06.2026 / प्रादेशिक समाचार / 19:45बजे**

## मुख्य समाचार

- पंचायती राज चुनावों में कांग्रेस व भाजपा में जीत के दावों का दौर जारी– कांग्रेस ने इन चुनावों को सत्ता का सेमीफाइनल मानने से किया इंकार।
- नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर का दावा– जनाधार खो चुकी है राज्य सरकार– प्रदेश भर में कांग्रेस को मिली करारी हार।
- उच्चतम न्यायालय के आदेश पर राज्य सरकार ने लघु व सीमांत किसानों के भूमि कब्जों को नियमित करने के लिए तैयार की नीति– मंत्रिमंडल की बैठक में होगी चर्चा।
- प्रदेश में हरित पंचायतों की आय का 25 फीसदी हिस्सा अनाथ व विधवाओं के कल्याण पर खर्च करेगी सरकार।
  और
- बेनतीजा रही नगर निगम शिमला की वार्षिक आम बैठक– चर्चा के बाद आगामी रणनीति तय करेंगे सैहब सोसायटी के कर्मचारी।

## जगत सिंह नेगी

राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी ने कहा है कि प्रदेश में 8 में से सिर्फ चार नगर निगमों में चुनाव हुए हैं और इन्हें विधानसभा चुनाव से पहले सेमीफाइनल कहना गलत है। उन्होंने आज शिमला में कहा कि प्रदेश में लगभग दो हज़ार चार सौ पंचायतों में कांग्रेस समर्थित प्रधान जीते हैं लेकिन पंचायत की असली ताकत वार्ड मेम्बर की होती है। जगत सिंह नेगी ने कहा कि विकास कार्यों को आगे बढ़ाने के लिए प्रधान, उपप्रधान और सभी वार्ड मेम्बर का एकजुट होना ज़रूरी है। उन्होंने इन चुनावों को सत्ता का सेमीफाइनल_मानने से इंकार किया।

पंजाब में हिमाचल की गाड़ियों से खालसा टैक्स वसूलने के सवाल पर राजस्व मंत्री ने कहा कि इस तरह की अवैध वसूली पूरी तरह गलत है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने इसे लेकर पंजाब सरकार के साथ बातचीत की है और इस मामले को उचित स्तर पर उठाया जा रहा है।

## जयराम

नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा है कि पंचायती राज संस्थाओं के चुनावी नतीजों से ये स्पष्ट हो गया है कि कांग्रेस सरकार अपना जनाधार खो चुकी हैं और सरकार की नीतियों से लोग तंग आ गए हैं। उन्होंने आज कुल्लू में प्रदेश भाजपा प्रभारी श्रीकांत शर्मा के साथ पंचायती राज व नगर निकायों के नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों के सम्मान समारोह में शिरकत की। जयराम ठाकुर ने कहा कि कांग्रेस पार्टी चुनावों में अपनी जीत के खोखले दावे कर रही है लेकिन हकीकत ये है कि प्रदेश भर में कांग्रेस समर्थित प्रत्याशियों की बुरी तरह हार हुई हैं।

## चंबा नगर परिषद

चंबा नगर परिषद में भुवनेश्वरी गुलाटी को अध्यक्ष और जितेंद्र सूर्या को उपाध्यक्ष चुना गया है। ये दोनों कांग्रेस समर्थित पार्षद है और इन्हें सात–सात मत प्राप्त हुए हैं। भुवनेश्वरी गुलाटी ने कहा कि चंबा शहर को स्वच्छ बनाना व सड़कों का सुधार करना उनकी प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि चंबा में वर्षों पुराने कूड़ा संयंत्र निर्माण की मांग को भी जल्द पूरा किया जाएगा।

## मंत्रिमंडलीय उपसमिति

प्रदेश मंत्रिमंडल की बैठकों में लिए गए निर्णयों में से 99 फीसदी निर्णय पूरी तरह कार्यान्वित किए जा चुके हैं। शिमला में आज मंत्रिमंडलीय उपसमिति की बैठक हुई जिसकी अध्यक्षता राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी ने की। बैठक में तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी भी मौजूद रहे। नेगी ने बताया कि 13 जनवरी 2023 से 25 जून 2025 तक मंत्रिमंडल की बैठकों में एक हज़ार एक सौ 60 निर्णय लिए गए जिनमें से 99 प्रतिशत निर्णय कार्यान्वित किए जा चुके हैं। उन्होंने अधिकारियों को शेष निर्णयों को समयबद्ध संचालित करने के निर्देश दिए।

एक अन्य मंत्रिमंडलीय उपसमिति की बैठक में लघु व सीमांत किसानों के लिए भूमि नीति पर चर्चा की गई। जगत सिंह नेगी ने बताया कि सर्वोच्च न्यायालय के आदेशों पर लघु व सीमांत किसानों के भूमि कब्जों को नियमित करने के लिए नीति तैयार कर ली गई है और इस पर मंत्रिमंडल की बैठक में चर्चा की जाएगी। मंत्रिमंडल की मंजूरी के बाद इसे भारत सरकार को भेजा जाएगा। बैठक में शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर भी मौजूद रहे।

## हरित पंचायत

प्रदेश में हरित पंचायतों की आय का 25 फीसदी हिस्सा अनाथों और विधवाओं के कल्याण पर खर्च किया जाएगा। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने बताया कि हरित पंचायत पहल अब राज्य भर के अनाथों व विधवाओं का कल्याण करेगी। उन्होंने कहा कि इस पहल की सामाजिक कल्याण पक्ष को और सुदृढ़ करने के लिए सरकार ने राजस्व वितरण मॉडल में संशोधन करने का निर्णय लिया है। कार्यक्रम के तहत प्रदेश की एक सौ ग्राम पंचायतों को पांच सौ किलोवॉट क्षमता की भूमि आधारित सौर ऊर्जा परियोजनाएं स्थापित की जा रही हैं। इन परियोजनाओं से प्राप्त आय का 20 फीसदी राज्य सरकार को दिया जाएगा, जबकि 25 फीसदी हिस्सा सामाजिक न्याय व अधिकारिता विभाग को हस्तांतरित किया जाएगा।

## वाइब्रेंट विलेज

विकसित वाइब्रेंट विलेज कार्यक्रम 2026 के तहत देश भर के लगभग एक सौ युवा इन दिनों किन्नौर जिले के दौरे पर है। एक सप्ताह तक ये युवा अलग–अलग गांवों का दौरा कर स्थानीय लोगों व जन प्रतिनिधियों से बातचीत करेंगे। इस राष्ट्रीय स्तर के कार्यक्रम में बिहार, दमन व दीव, झारखंड, महाराष्ट्र, राजस्थान, तमिलनाडु और उत्तर प्रदेश सहित कई राज्यों के प्रतिभागी शामिल हैं। अधिक ब्यौरे के साथ हमारी किन्नौर जिला संवाददाता——

## एजीएम

नगर निगम शिमला में सैहब कर्मचारियों की वेतन वृद्धि की मांग को लेकर आज वार्षिक आम बैठक बुलाई गई। बैठक के बाद महापौर सुरेंद्र चौहान ने कहा कि सैहब सोसायटी के सभी निष्कासित कर्मचारियों की सेवाएं बहाल की जाएंगी। उन्होंने बताया कि सैहब कर्मचारियों के वेतन में 10 फीसदी बढ़ौतरी का प्रस्ताव भी बैठक में आया है। दूसरी ओर सैहब कर्मचारी यूनियन के अध्यक्ष जसविंद्र सिंह ने कहा कि इस बैठक में शहरी विकास मंत्री और स्थानीय विधायक शामिल नहीं हुए इसलिए वे इस बैठक को ए.जी.एम नहीं मानते हैं। उन्होंने कहा कि सभी कर्मचारियों के साथ बातचीत के बाद आगे की रणनीति तय की जाएगी।

## रेहड़ी फड़ी यूनियन

शिमला में एक तहबाजारी की मौत के मामले ने तूल पकड़ लिया है। सीटू से संबंधित रेहड़ी फड़ी तहबाजारी यूनियन ने आज शिमला में उपायुक्त कार्यालय के बाहर आज इस मुद्दे पर नगर निगम प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की। यूनियन का आरोप है कि नगर निगम की कार्रवाई व कर्मचारियों द्वारा पैदा किए गए खौफ के कारण इस तहबाजारी की मौत हुई है। सीटू के प्रदेश अध्यक्ष विजेंद्र मेहरा ने कहा कि वर्ष 2014 में केंद्र सरकार द्वारा बनाए गए स्ट्रीट वेंडर्स एक्ट के तहत रेहड़ी फड़ी वालों को देश में कहीं पर भी काम करने का अधिकार है। उन्होंने कहा कि 31 मई को नगर निगम की कार्रवाई के दौरान चंदन नामक विक्रेता गंभीर घायल हो गए और पिछले कल उनकी मौत हो गई।

## सुभाष मोहन

सनराईज़ सोशल हैल्थ एंड एनवायरनमेंटल एसोसिएशन ने कुल्लू जिले में पिछले वर्ष क्षतिग्रस्त हुई बागीपुल– निरमंड– अवेरा– चम्भू नहर को जल्द दुरूस्त करने की राज्य सरकार से मांग की है। एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष डॉक्टर सुभाष मोहन स्नेही ने कहा कि क्षेत्र में धान की रोपाई के लिए ये नहर अत्यंत महत्वपूर्ण है और प्रशासन के उदासीन रवैये से किसान– बागवान परेशान है। स्नेही ने कहा कि इस नहर के क्षतिग्रस्त होने से इलाके के हज़ारों किसान सिंचाई सुविधा से वंचित हैं।

## मक्की बीज

प्रदेश में कृषि विभाग द्वारा किसानों को उन्नत किस्त का मक्की बीज उपलब्ध करवाया जा रहा है। राज्य के कई जिलों में मक्की की बिजाई का दौर शुरू होना वाला है और 15 जून से अधिकांश क्षेत्रों में मक्की की बिजाई की जाएगी। सिरमौर जिला कृषि उपनिदेशक साहब सिंह ने बताया कि जिले की 40 हज़ार तीन सौ 32 हेक्टेयर भूमि पर मक्की की खेती की जाती है और जिले के किसानों को लगभग चार सौ 80 मीट्रिक टन मक्की बीज उपलब्ध करवाया जा रहा है।

## मुख्य समाचार एक बार फिर

- पंचायती राज चुनावों में कांग्रेस व भाजपा में जीत के दावों का दौर जारी– कांग्रेस ने इन चुनावों को सत्ता का सेमीफाइनल मानने से किया इंकार।
- नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर का दावा– जनाधार खो चुकी है राज्य सरकार– प्रदेश भर में कांग्रेस को मिली करारी हार।
- उच्चतम न्यायालय के आदेश पर राज्य सरकार ने लघु व सीमांत किसानों के भूमि कब्जों को नियमित करने के लिए तैयार की नीति– मंत्रिमंडल की बैठक में होगी चर्चा।
- प्रदेश में हरित पंचायतों की आय का 25 फीसदी हिस्सा अनाथ व विधवाओं के कल्याण पर खर्च करेगी सरकार।
  और
- बेनतीजा रही नगर निगम शिमला की वार्षिक आम बैठक– चर्चा के बाद आगामी रणनीति तय करेंगे सैहब सोसायटी के कर्मचारी।